पत्र सूचना शाखा
**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

# मुख्यमंत्री ने वाराणसी में दुर्गाकुण्ड स्थित धर्म संघ शिक्षामण्डल में पर्यटन विभाग द्वारा 05 करोड़ 62 लाख रु0 की लागत से निर्माणाधीन पर्यटन सुविधा केन्द्र का स्थलीय निरीक्षण किया

## निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराए जाने के निर्देश

## धर्म संघ के मन्दिर में दर्शन–पूजन किया तथा गौशाला में गायों को गुड़ खिलाया

**लखनऊ : 28 जुलाई, 2025**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज वाराणसी में दुर्गाकुण्ड स्थित धर्म संघ शिक्षामण्डल में पर्यटन विभाग द्वारा 05 करोड़ 62 लाख रुपये की लागत से निर्माणाधीन पर्यटन सुविधा केन्द्र का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए। पर्यटन सुविधा केन्द्र का निर्माण कार्य अक्टूबर, 2025 में पूरा कराए जाने का लक्ष्य है।

मुख्यमंत्री जी निरीक्षण के दौरान ने धर्म संघ के मन्दिर में दर्शन–पूजन भी किया तथा गौशाला में गायों को गुड़ खिलाया। इससे पूर्व, धर्म संघ के महंत ने मुख्यमंत्री जी का स्वागत किया।

निरीक्षण के दौरान श्रम एवं सेवायोजन मंत्री श्री अनिल राजभर, स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री रवीन्द्र जायसवाल, आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ0 दयाशंकर मिश्र 'दयालु' सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा शासन–प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

––––––––––

***PN-CM-Varanasi Visit-Inspection & Darshan Poojan-28 July, 2025.doc***